तापमान

अधिकतम 38.4 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 4 अप्रैल 2024

10 छुट्टियों में घर आए हवलदार ने युवाओं को दिया...



12 मोंगरापाल में 1 दर्जन लोगों ने किया भाजपा प्रवेश





## खबर संक्षेप

### लोस निर्वाचन :नियंत्रण कक्ष का नम्बर जारी

**कोण्डागांव।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में निष्पक्ष शांतिपूर्ण मतदान कराने जनभागिदारिता को सुनिश्चित करने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत द्वारा जिले में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। जिसके माध्यम से निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जिले के नगरिक जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नम्बर 07786–242012 पर सम्पर्क कर अपनी समस्यों के समाधान के साथ निर्वाचन संबंधित शिकायतों को भी दर्ज करा सकते है। नियंत्रण कक्ष के लिये जिला शिक्षा अधिकारी आदित्या चांडक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान राज्य में आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

### मतदान केन्द्रों में तिथि समय का करें लेखन

**कोण्डागांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत द्वारा सोमवार को निर्वाचन कार्य के तैयारियों की समीक्षा की गई। उन्होंने सभी मतदान केन्द्रों में मतदान की तिथि एवं समय सहित मतदान केन्द्र के पुरूष एवं महिला मतदाताओं की संख्या का प्रदर्शन करने वाले सूचना पट्टिका का लेखन करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन कार्यों में संलग्न अधिकारियों को मतदान केन्द्रों में आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं सुनिश्चित करने नियमित रूप से सभी मतदान केन्द्रों एवं आसपास के क्षेत्रें का दौरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके साथ ही लोगों को मतदान करने प्रेरित करने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने मतदान केन्द्रों में मतदाताओं में पेय जल, छायादार विश्राम स्थल, रैम्प, मतदान केन्द्रों में पंख ट्यूबलाइट एवं अन्य सुविधाएं त्वरित गति से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### विनीत ने किया गेट पास

**कोण्डागांव।** शासकीय गुण्डाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव के रसायन शास्त्र विभाग के पूर्व छात्र विनीत विश्वास ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठापूर्ण गेट परीक्षा उत्तीर्ण कर महाविद्यालय सहित समस्त जिले को गौरवान्वित किया है। गेट परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात अभ्यर्थी देश की प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे आईआईटी, आईआईएससी और कुछ केंद्रीय विश्वविद्यालयों से पीएचडी कर सकते हैं। विनीत विश्वास ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता के साथ सतत मार्गदर्शन के लिए अपने प्राध्यापकों डॉ आशीष आसटकर और नसीर अहमद को दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ चेतन राम पटेल और समस्त प्राध्यापकों ने इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए विनीत के उज्वल भविष्य की कामना की है।



### बड़ेडोगर दंतेश्वरी मंदिर में बैठक, हुए कई निर्णय



**फरसगांव।** ग्राम बड़ेडोंगर में मां दन्तेश्वरी ज्योति कलश स्थापना समिति की बैठक मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की गई और कई निर्णय लिए गए। बैठक में बताया गया कि आगामी चैत्र नवरात्र पर्व 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक मनाया जाएगा। बड़ेडोंगर की माता मावली मेला 19 अप्रैल को तथा बाबा रणबीर मेला 24 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष भी मेला को सुव्यवस्थित आयोजन करने हेतु ग्राम पंचायत को दायित्व दिया गया।

# 45 गांवों के 15000 उपभोक्ताओं को मिली विद्युत कट और लो-वॉल्टेज से निजात

## ग्रामीणों को बिजली के बार-बार गुल होने की समस्या से मिला छुटकारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

अलग खबर

गर्मियों की शुरूआत होते ही ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता बार-बार बिजली कटने एवं लो-वॉल्टेज की समस्या से परेशान रहे। कम वोल्टेज के चलते बिजली रहने के बाद भी न तो पानी के लिए मोटरें नहीं चल पा रही है और पंखे भी गर्मी से राहत नहीं दे पा रहे। साथ ही मोबाइल तक चार्ज करने में दिक्कत हो रही थी। इससे उपभोक्ताओं में बिजली विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही थी। खेतों में लगे तीन फेस पंप भी सही तरीके से नहीं चल पा रहे हैं। इस पर ग्रामीणों ने विद्युत कंपनी से गुहार लगाई। कंपनी ने बस्तर जिले के परचनपाल से बोरीगांव तक लाइन बिछाई। इसके पूर्व 75 किमी लाइन होने से बिजली संबंधित समस्या होती रहती थी। अब 20 किमी में लाइन बिछाने से क्षेत्र के 45 गांव के 15000 उपभोक्ताओं को राहत मिली। ग्रामीणों ने बताया कि नई लाइन से रात में ग्रामीण बच्चे आसानी से पढ़ाई कर पा रहे हैं। हॉल ही में ईडी के साथ अधीक्षण अभियंता नवीन कुमार पोयाम, एसएस पांडव, कार्यपालन अभियंता सलीम खान, सहायक अभियंता नंदलाल काशी, कनिष्ठ अभियंता लाईन एवं बोरीगांव उपकेन्द्र का निरीक्षण किया।



### डीई, एई व जेई को दिए निर्देश

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने बताया कि क्षेत्र के डीई, एई एवं जेई को निर्देश दिया गया है कि उपभोक्ताओं की शिकायत पर स्थल पर पहुंचकर बंद बिजली को बहाल करें।

### फसलों को कर रहे सिंचित

बस्तर जिले के 33,11 केवी उपकेंद्र सतोषा के ग्राम जैबेल, आवराभाटा, कोटियाभाटा, दिमरापाल, गोटीगुड़ा, तेतरगुड़ा, मारिगुड़ा, चारगांव, मोहलाई, तारेका, लावागांव, वानकोमर, सतोषा, बोरीगांव, करपावंड क्षेत्र के 25 गांव एवं बोरीगांव क्षेत्र के 10 गांवों के ग्रामीणों को लो-वॉल्टेज समस्या का छुटकारा मिला। इससे 1000 से अधिक पंप कनेक्शन के किसान भी शामिल है, किसानों ने बताया कि अब फसलों को सिंचित कर पा रहे हैं।

## जागरुकता : कलेक्टर एवं एसपी की अपील से जनजीवन रहा सामान्य

# बेअसर रहा बीजापुर बंद का आह्वान



### बढ़ रही जागरुकता

जनमानस में ऐसे खोखली विचार धारा के विरूद्ध जागरूकता बढ़ रही है और स्वयं को पहले से बेहतर सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। जिसके लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन की दूरदर्शी सोच एवं रणनीति प्रशंसनीय है। कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने प्रशासन पर भरोसा जताकर स्वस्फूर्त अपने प्रतिष्ठानों को संचालित करने के लिए व्यापारी संघ, ट्रांसपोर्टर, फुटकर व्यापारियों एवं जिलेवासियों का आभार व्यक्त किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

- व्यापारी संघ एवं जिले के जनमानस ने खोखली विचारधारा वाले माओवाद को नकारा

माओवादी संगठनों द्वारा बीजापुर और सुकमा जिले के व्यापारी, ट्रांसपोर्टर और आम नागरिकों से 3 अप्रैल को सभी प्रतिष्ठानों एवं जिले को सम्पूर्ण रूप से बंद रखने का आह्वान किया गया था। बीजापुर कलेक्टर अनुराग पाण्डेय एवं एसपी डॉ. जितेन्द्र यादव ने विषय की गंभीरता को देखते हुए जिले के समस्त व्यापारी, पेट्रोल पंप एवं बस संचालकों की बैठक बुलाई। एडीशनल एसपी एवं एसडीएम बीजापुर के द्वारा जिले के समस्त व्यापारियों को माओवादी बंद के आह्वान को सफल न बनाने एवं अपनी प्रतिष्ठान अन्य दिनों की तरह सामान्य रूप से संचालित करने की अपील की थी। व्यापारी संघों ने स्वस्फूर्त होकर अपने-अपने प्रतिष्ठान को यथावत खोला और जिले में जनजीवन सामान्य रहा है। कलेक्टर ने स्वयं बीजापुर के मार्केट का अवलोकन किया और सुबह का नाश्ता भी होटल में किया। जिससे जनमानस में सकारात्मक प्रभाव पड़ा। यही नहीं कलेक्टर ने समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को सांकेतिक रूप से इस दिवस अपने घरेलू एवं आवश्यक सामानों की खरीदी करने का आग्रह किया। जिसके परिपालन में आज मार्केट की स्थिति काफी अच्छी रही। बीजापुर के अलावा भैरमगढ़, भोपालपटनम, आवापल्ली, उसूर में भी अनुविभागीय अधिकारी सीईओ, सीएमओ फील्ड में दिखे और खोखली विचारधारा के विरूद्ध जनसमुदाय को प्रेरित किया। ज्ञात हो कि पुलिस जवानों के द्वारा भय और आतंक के माहौल को समाप्त करने लगातार सर्चिंग की जा रही है। जिसके परिणामस्वरूप मंगलवार को 13 माओवादी को मुठभेड़ के दौरान मार गिराए। माओवाद द्वारा भय एवं आतंक के माहौल तैयार कर आम नागरिकों को विकास से दूर रखने का कुप्रयास किया जा रहा है। किन्तु अब बीजापुर की स्थिति बेहतर से बेहतर होते जा रही है।



# एसएसटी टीम ने जांच के दौरान दो वाहनों से किए 4 लाख रुपए बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

- अभियान: असामाजिक तत्वों एवं अवैध गतिविधियों के विरूद्ध नियमित चेकिंग जारी

दंतेवाड़ा जिला अंतर्गत थाना गीदम के फॉरेस्ट नाका में तैनात एसएसटी टीम द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान दो अलग-अलग चारपहिया वाहनों से नकदी 4,00,000 रुपए बरामद कर विधिवत कार्रवाई की गई। लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत आचार संहिता लागू होने के बाद से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मयंक चतुर्वेदी व पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में जिले के सरहदी क्षेत्रों में एसएसटी टीम का गठन कर अन्य जिले व राज्यों से आने-जाने वाले वाहनों की जांच की जा रही है। मंगलवार दोपहर 2:15 बजे स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 04 एमई 8358 को रोककर जांच करने पर सहयात्री प्रेमबती ध्रुव पति हीराराम निवासी रायपुर द्वारा नकद राशि 1,50,000 रुपए अपने साथ परिवहन करते पाया गया। वहीं दोपहर करीब 2:30 बजे एसएसटी चेक पोस्ट फॉरेस्ट नाका में बीजापुर की ओर से आ रहे वाहन स्कार्पियो क्रमांक सीजी 04 ईडी 4772 को रोककर जांच किया गया। कार के अंदर से नकदी 2,50,000 रुपए मिले। जिसके संबंध में चालक महेश वट्टी पिता महादेव वट्टी निवासी भैरमगढ़ जिला बीजापुर को उक्त रकम के संबंध में वैध दस्तावेज पेश करने हेतु नोटिस दिया गया। जवाब में दोनों रकम धारकों के द्वारा कोई दस्तावेज नहीं होना बताया। जिसकी जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को देकर विधिवत कार्रवाई कर उक्त नकद कुल 4 लाख रुपए को जब्त किया गया। आदर्श आचार संहिता लागू होने पर दंतेवाड़ा जिले के सरहदी क्षेत्र में एसएसटी टीम द्वारा वाहनों की सघन जांच की जाकर अवैध शराब, गांजा, नकदी के परिवहन पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।



# पीडीएस चावल निज दुकान में डंप, छापामार किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- कलेक्टर की पहल पर खाद्य विभाग ने भंगाराम चौक के समीप दुकान पर मारा छापा

गरीबों के राशन की गड़बड़ी को लेकर लगातार नए-नए मामले सामने आ रहे हैं, फिर भी अनियमितता थमने का नाम नहीं ले रही है। सरकारी राशन की हेराफेरी में राशन दुकानदार से लेकर वेयर हाउस के जिम्मेदार की संलिप्तता का अंदेशा है। बुधवार को कलेक्टर विजय दयाराम के को मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली पीडीएस याने सार्वजनिक वितरण प्रणाली राशन दुकान का चावल एक निजी किराना के दुकान में डंप किया गया। पुख्ता सूचना और वायरल वीडियो को कलेक्टर ने संज्ञान में लेकर खाद्य विभाग को जांच के निर्देश दिया। सहायक खाद्य ⏭ शेष पेज 10 पर

### अशफाक नामक व्यक्ति की दुकान से बरामद

सहायक खाद्य अधिकारी दिव्या गौतम ने बताया भंगाराम चौक समीप प्रमिला तिवारी के किराए की दुकान असफाक नाम का व्यक्ति किराना शाप चलाता है। उनकी दुकान से आज कलेक्टर के निर्देश पर कार्रवाई की गई। जिसमें 8 क्विंटल 75 किलो पीडीएस का चावल, 75 किलो चना और 37 किलो गुड़ जब्त किया गया। जिसका अनुमानित मूल्य 33 हजार 980 रुपए बताया जा रहा है।

# एक नक्सली ने किया समर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

- नक्सली कटेकल्याण एरिया कमेटी के ग्राम पिट्टेडब्बा मिलिशिया सदस्य के पद पर था सक्रिय

लोन वरार्टू अभियान से प्रभावित होकर एक नक्सली ने आज आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पित नक्सली कटेकल्याण एरिया कमेटी के ग्राम पिट्टेडब्बा मिलिशिया सदस्य के पद पर सक्रिय था। उक्त नक्सली, नक्सल बंद सप्ताह के दौरान रोड खोदकर मार्ग अवरोध करने की घटनाओं में शामिल था। नक्सल उन्मूलन अभियान तथा छग शासन की पुनर्वास नीति के प्रचार-प्रसार एवं दन्तेवाड़ा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे लोन वरार्टू घर वापस आईये अभियान से प्रभावित होकर नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों के द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर कटेकल्याण ⏭ शेष पेज 10 पर




### सभी प्रकार के मिलेंगे लाभ

पुलिस अधीक्षक द्वारा आत्मसमर्पित नक्सली को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पुनर्वास योजना के तहत 25 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि एवं पुनर्वास योजना के तहत मिलने वाले सभी प्रकार का लाभ प्रदाय कराया जाएगा।

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की पराजय निश्चित

# कांग्रेस के झूठे आचरण व चरित्र को जान गई है जनता : विनायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- नरेंद्र मोदी की गारंटी पर देश सहित बस्तर की जनता को है पूर्ण विश्वास
- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 100 दिन में जनता से किये वायदों को पूरा किया

चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक विनायक गोयल ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के बयान पर पलटवार करते हुये कहा कि देश की जनता स्पष्ट तौर पर जानती है कि झूठ बोलने काम कौन करता है। बीते 5 साल कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ की जनता से झूठे वादे करके छल किया, धोखा दिया। नतीजतन प्रदेश की जनता जनार्दन ने झूठी कांग्रेस को सत्ता से उखाड़ फेंका। अब मौजूदा लोकसभा चुनाव में अपनी निश्चित हार के डर से कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। भाजपा जो कहती है वह करती है, नरेंद्र मोदी की गारंटी पर पूरी देश की जनता के साथ-साथ बस्तर की जनता को भी पूरा विश्वास है। कांग्रेस का झूठा आचरण व चरित्र अब जनता जान चुकी है। विधायक श्री गोयल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने 100 दिन में जनता से किये वादों को पूरा करने का काम किया है। मात्र 3 महीने में मोदी की गारंटी में जो हमारी पार्टी का जो वादा था छत्तीसगढ़ की जनता से,उसे पूरा किया है। 13 दिसंबर को भाजपा सरकार ने शपथ ली और 14 दिसंबर को ही पहली कैबिनेट बुलाकर 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति अविलंब प्रदान की गयी। हमारे किसानों को उम्मीद नहीं थी कि 2 साल का बकाया बोनस मिल जाएगा। हमारी भाजपा सरकार आयी और 25 दिसंबर को छत्तीसगढ़ के निर्माता श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस को 12 लाख से ज्यादा किसानों का 2 साल का ⏭ शेष पेज 10 पर



## विपक्ष लड़ नहीं पा रहे व्यक्तिगत हमला करना सर्वथा अनुचितः केदार

# नेता प्रतिपक्ष ने प्रधानमंत्री के खिलाफ बयान देकर जहर उगलने का काम किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- कांग्रेस के लोग घबराए हुए हैं, मोदी देश ही नहीं दुनिया के सर्वमान्य नेता

देश मे पिछले दो चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ विपक्ष के लोग खासकर कांग्रेस के नेता चुनाव में टक्कर नहीं दे पा रहे है। इस आसन्न चुनाव में भी विपक्ष के लोग लड़ नहीं पा रहे, कांग्रेस के नेता प्रधानमंत्री पर लगातार व्यक्तिगत हमला कर रहे हैं। पूरे देश के लोग नरेंद्र मोदी को अपना नेता माना है, प्रधानमंत्री भी पूरे देश के लोगों को परिवार मानकर हर वर्ग के लोगों को अनेक योजना से लाभ पहुंचाने का काम कर रहें। वनमंत्री केदार कश्यप ने बुधवार को भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए यह बात कही।उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ बयान देकर जहर उगलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि महंत दंड प्रहार की बात करते हैं तो वे हमसे करें। कांग्रेस के नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बढ़ती लोकप्रियता से घबराए हुए हैं। अब कांग्रेस के नेता प्रधानमंत्री पर व्यक्तिगत तौर पर हमला कर रहे हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय स्तर से लेकर ⏭ शेष पेज 10 पर




### अगले जीवन में भी घोषणा पूरा नहीं कर सकती कांग्रेस

*प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा जारी कांग्रेस की घोषणा पत्र में महिलाओं को प्रतिवर्ष 1 लाख रुपए प्रदान करने सहित अन्य घोषणा को लेकर कहा कि कांग्रेस अपनी घोषणा को इस जीवन में नहीं अगले जीवन में भी पूरा नहीं कर सकती।*

### मोदी के कारण देश और छत्तीसगढ़ का विकास

*केदार ने कहा प्रधानमंत्री के प्रयास से देश और छत्तीसगढ़ का विकास हो रहा है। महतारी वंदन योजना ने जितने भी मातृ शक्ति हितग्राही को सम्मलित किया गया है। उन्हें हर माह की 1 तारीख को खाते में राशि डाली जाएगी। इसमें एक भी हितग्राही महिलाओ के नाम काटे नहीं जाएंगे। कांग्रेस के लोग प्रदेश के विष्णुदेव सरकार के कामों से घबराकर ऐसे गलत बयान दे रहें हैं।*

### महंत के बयान को घर-घर पहुंचाएगी भाजपा

*केदार ने कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ जो बयान दिया है, उसको भाजपा के कार्यकर्ता घर-घर पहुंचाएंगे। महंत के इस बयान के खिलाफ भाजपा को जो करना पड़े वह करेगी।*

## पाठक सूचना

**हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

# विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता के साथ ही कनिष्ठ अभियंता को नोटिस

## किसानों को बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से दें त्वरित राहतः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिले की आम जनता को बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से त्वरित राहत पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। जिला कार्यालय के भूतल स्थित सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री दुदावत ने कहा कि गर्मी के दौरान बढ़ने वाली बिजली की खपत को देखते हुए आवश्यकता अनुसार क्षमता वृद्धि करें। उन्होंने क्षमता वृद्धि के लिए आवश्यक सर्वे का कार्य तत्परता के साथ करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान कहा कि शासन द्वारा ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि के लिए जो स्वीकृति प्रदान की गई है, उस पर तत्परता के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि गर्मी के दौरान रबी की फसल को पानी की आवश्यकता को देखते हुए गावों में विद्युत की आपूर्ति सुचारू रखी जाए, जिससे किसानों को किसी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने विद्युत की गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए किए जा रहे विस्तार कार्यों का निरीक्षण निरंतर करने के निर्देश दिए, जिससे कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने विद्युत कार्यों की गुणवत्ता निरीक्षण में लापरवाही बरतने पर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के संचालन एवं संधारण व परियोजना कार्यपालन अभियंता सहित माकड़ी के कनिष्ठ अभियंता को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रें में विद्युत आपूर्ति की जानकारी पटवारियों और कोटवारों के माध्यम से संकलित करने के निर्देश भी दिए।



### समस्या को लेकर किसान पहुंचे बिजली आफिस

फरसगांव। लो वोल्टेज की समस्या को लेकर फरसगांव क्षेत्र के ग्राम हिर्री, भानपुरी, चूरेगाँव, सोडमा और कारागांव के किसान बड़ी संख्या में बुधवार को बिजली आफिस पहुंचे। बिजली विभाग के अधिकारियों से अपनी समस्या को अवगत करवाया। किसानों ने बताया कि लो वोल्टेज और बार बार बिजली गुल से किसान परेशान है। उनके खेतों की बोर मशीन नहीं चल पा रही है। जिसके चलते खेतों की फसलें सूख रही है । किसानों ने कहा कि अगर ऐसा ही रहा तो उनको भारी नुकसान होगा। बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानों की समस्याओ के सुनकर जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया गया।

## खबर संक्षेप



### बोईरपारा स्थित मतदान केन्द्र में रहने की व्यवस्था बनाएं

**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं एसपी वाय अक्षय कुमार द्वारा मंगलवार को अंतर्राज्यीय सीमा पर बसे ग्राम गम्हरी में लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतदान की तैयारियों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने गम्हरी के 2 मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा ग्राम सचिव एवं संबंधित अधिकारियों को मतदान केन्द्र में आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा। इसके लिए सेक्टर अधिकारियों को केन्द्रों में पेयजल, पंखा, बिजली, दिव्यांगों के लिए रैम्प की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा मतदान केन्द्र में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने निर्देशित किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा सीमावर्ती केन्द्र होने के कारण सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए। बोईरपारा स्थित मतदान केन्द्र में कलेक्टर द्वारा निरीक्षण कर अधिकारियों को मतदान पूर्व दलों के रहने की व्यवस्था पूर्ण करने निर्देशित किया गया।

### घोड़ागांव चेकपोस्ट का किया निरीक्षण



**कोण्डागांव।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए बस्तर लोकसभा के व्यय प्रेक्षक आशुतोष प्रधान ने बुधवार को जिले की सीमा पर राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर घोड़ागांव में लगाये गए स्थैतिक निगरानी दल के चेकपोस्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने चेकपोस्ट का निरीक्षण करते हुए ड्यूटी में कार्यरत कर्मचारियों की उपस्थिति की जानकारी लेते हुए पंजियों की जांच की। उन्होंने कार्रवाई में शामिल होकर करायी जा रही वीडियोग्राफी की भी जांच की। उन्होंने सभी आने जाने वाले वाहनों की सघन जांच करते हुए किसी भी नकद राशि को बिना अनुमति या बिना पर्याप्त दस्तावेजों के परिवहन पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके साथ ही निर्वाचन को प्रभावित करने वाली सभी सामाग्रियों के परिवहन पर अंकुश लगाते हुए शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष निर्वाचन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर एसडीएम निकिता मरकाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### सामान्य प्रेक्षक ने किया स्ट्रांग रुम का निरीक्षण



**कोण्डागांव।** बस्तर लोकसभा के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक जे गणेशन ने शासकीय गुण्डाधुर महाविद्यालय परिसर में बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी चित्रकांत चाली ठाकुर सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किए गए निरीक्षण के दौरान उन्होंने आवश्यक निर्देश दिए। प्रेक्षक श्री गणेशन ने सुरक्षा के संबंध में चर्चा की। इसके साथ ही कहा कि स्ट्रॉन्ग रूम में सिर्फ उन्हीं ईवीएम को रखा जाए, जिनका उपयोग मतदान के लिए किया जाए। मतदान के लिए उपयोग में न लाए गए ईवीएम को अन्य कमरे में रखा जाए। इस दौरान कलेक्टर श्री दुदावत ने बताया कि यहां सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रखे गए हैं। किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति के प्रवेश पर पूरी तरह प्रतिबंध है। वहीं पूरे परिसर को बेरीकेड से भी सील किया जा रहा है। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक ने प्रस्तावित मतगणना कक्षों के साथ ही मीडिया सेंटर का भी निरीक्षण किया।

## चुनाव: बस्तर लोकसभा के व्यय प्रेक्षक ने नोडल अधिकारियों की ली बैठक

# उड़नदस्ता एवं स्थैतिक निगरानी दलों की संख्या में करें वृद्धि, सामाग्रियों के परिवहन की करें निगरानी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए बस्तर लोकसभा के व्यय प्रेक्षक आशुतोष प्रधान द्वारा जिला कार्यालय में सभी निर्वाचन नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के द्वारा निर्वाचन के संबंध में जिले में की गई तैयारियों की जानकारी दी गयी। व्यय प्रेक्षक द्वारा जिले में तैनात स्थैतिक निगरानी दलों एवं उड़नदस्ता दलों द्वारा की जा रही कार्रवाई की जानकारी लेते हुए स्थैतिक निगरानी एवं उड़नदस्ता दोनों ही दलों की संख्या में वृद्धि करने को कहा। इस दौरान उन्होंने निवार्चन को प्रभावित करने वाली सभी सामाग्रियों के परिवहन पर कड़ी निगरानी रखने के लिए निर्देशित किया। बैठक में पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार द्वारा सुरक्षा व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी दी गयी। बस्तर लोकसभा व्यय प्रेक्षक द्वारा वीडियो निगरानी दल, व्यय अनुवीक्षण दल, मीडिया अनुप्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति के अधिकारियों से चर्चा करते हुए प्रत्येक प्रत्याशी के व्ययों पर कड़ी नजर रखने तथा किसी भी प्रकार के अतिरिक्त खर्च पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित व्यय को संबंधित प्रत्याशी के खाते में जोड़ने के निर्देश दिए। व्यय प्रेक्षक द्वारा लोकसभा निर्वाचन हेतु बनाये गये नियंत्रण कक्ष का भी निरीक्षण किया गया। जहां उन्होंने आ रही शिकायतों एवं उन पर की गयी कार्रवाई की भी जानकारी ली।

### सोशल मीडिया अकाउंट भी देखें

व्यय प्रेक्षक द्वारा जिला कार्यालय में बनाये गए मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण ईकाई तथा व्यय अनुवीक्षण इकाई का निरीक्षण किया गया। मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण ईकाई पहुंच उन्होंने प्रत्येक प्रत्याशी के सभी सोशल मीडिया एकाउंट को देखने कहा। साथ ही टीवी चौनलों के प्रत्येक विज्ञापन पर कड़ी निगरानी रखने के लिए निर्देश दिए।

### जिले में लोकसभा निर्वाचन के संबंध में की गई तैयारियों का सामान्य प्रेक्षक ने लिया जायजा

*कोण्डागांव। लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए बस्तर लोकसभा के सामान्य प्रेक्षक डा. जी गणेशन द्वारा जिला कार्यालय में सभी निर्वाचन संबंधित अधिकारियों की बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी चित्रकांत चार्ली ठाकुर, सभी सेक्टर अधिकारियों, व्यय अनुवीक्षण अधिकारियों एवं सुरक्षा से संबंधित अधिकारियों के द्वारा निर्वाचन के संबंध में जिले में की गई तैयारियों की जानकारी दी गयी. बैठक में सामान्य प्रेक्षक द्वारा निर्वाचन के लिए की गई तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गयी। जिसमें उन्होंने होम वोटिंग के लिए की गई तैयारियों की जानकारी लेते हुए अब तक होम वोटिंग के लिए प्राप्त पंजीयन की स्थिति तथा वोटिंग हेतु बनाई गई टीमों की जानकारी ली। उन्होंने 8 एवं 9 अप्रैल को होने वाले होम वोटिंग के लिए सभी तैयारियां निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पूर्ण करने तथा मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग के लिए चिन्हित सभी मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग की तैयारियां पूर्ण करने को कहा। इसके अतिरिक्त उन्होंने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर नोडल अधिकारियों को केंद्रों में सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सभी संवेदनशील केंद्रों की जानकारी लेते हुए इनमें मतदान करने हेतु सुरक्षा व्यवस्था तथा पूरे जिले में मतदान दलों के लिए की गई सुरक्षा व्यवस्था की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की। जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा सुरक्षा के लिए बनाई गई कार्ययोजना की जानकारी देते हुए अर्द्ध सैनिक एवं पुलिस के सुरक्षाकर्मियों की तैनाती के संबंध में जानकारी दी गई। सामान्य प्रेक्षक द्वारा आबकारी विभाग के अधिकारियों एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को जिले में अवैध शराब एवं नशीले पदार्थों के परिवहन पर कड़ी निगरानी रखने तथा इन प्रकरणों में कार्रवाई की संख्या बढ़ाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने जिले में मतदान दलों के लिए बनाए गए कम्युनिकेशन प्लान पर चर्चा करते हुए नेटवर्क की अनुपलब्धता वाले मतदान केंद्रों में मतदान के लिए की गई व्यवस्था की भी जानकारी ली।*

# शिव-पार्वती का रुप धारण कर घर- घर जाकर दान मांगकर दे रहे न्योता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरसगांव

जिले के फरसगाव ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पश्चिम बोरगांव में प्रतिवर्ष होने वाले चरक उत्सव मेले के लिए मंगलवार को शिव भक्त शहर भर में पूजा के लिए लोगों के घर-घर न्योता और उत्सव के लिए दान मांगने शिव और पार्वती का रूप धरकर निकले। लोगों ने भी दिल खोलकर इस उत्सव के लिए दान दिया। इस चरक उत्सव के बारे में पुजारी कार्तिक सरकार निवासी पश्चिम बोरगांव ने बताया कि यह चरक उत्सव मूलतः बंगाली समुदाय का एक बड़ा उत्सव है। जिसमें शिव-पार्वती की पूजा होती है और भव्य मेला भी लगता है। जानकारी के अनुसार इस उत्सव को जो मानते हैं वह 30 दिन का उपवास रखते हैं। उपवास पूर्ण होते ही दो दिन फिर शिव-पार्वती की पूजा होती है और भव्य मेला लगता है। यह उत्सव भगवान शिव को समर्पित है। शिव-पार्वती को प्रसन्न करने यह उत्सव होता है। इस वर्ष 12 और 13 अप्रैल को यह उत्सव पड़ रहा है अधिक से अधिक लोग इसमें शामिल हों इसके लिए हम जिलेभर में शिव-पार्वती का रूप धारण कर जहां-जहां भी बंगाली समुदाय के लोग हैं वहां नृत्य भजन करते हुए उन्हें निमंत्रण भी देते जा रहे हैं, जिससे अधिक से अधिक लोग इस उत्सव में शामिल हों।

### खजूर पूजा होगी 12 को

12 अप्रैल को 3 से 6 बजे तक खजूर पूजा होगी जिसे छिंद मेला भी कहा जाता है। यह शिव भक्त 13 अप्रैल को चरक मेला में शिव आराधना और भव्य प्रदर्शन करेंगे। उस दिन शिव को प्रसन्न करने के लिए यह मेला लगता है। साल दर साल यहां आने वालों की तादाद बढ़ती जा रही है और इसे देखने अब प्रदेश भर से शिव भक्त के साथ बंग समुदाय के लोग भी आने लगे हैं।

# मेले के तीसरे दिन गरज चमक के साथ हुई मूसलाधार बारिश व्यापारियों को हुआ नुकसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरसगांव

कोण्डागांव जिले के फरसगांव ब्लाक मुख्यालय में 1 अप्रैल से चार दिन के लिए पारंपरिक वार्षिक मेले का आयोजन किया गया है। इस दौरान हजारों की संख्या में लोग मेला देखने पहुंचे हुए थे। वहीं तीसरे दिन ही शाम होते ही अचानक हुई तेज बारिश ने मेले के रंग में भंग उत्पन्न कर दिया है। बुधवार की शाम लगभग 6:30 बजे तेज हवा के साथ मूसलाधर बारिश शुरू हुई जो लगभग 1 घंटे तक चली। जिसके चलते बाहर से मेले में पहुंचे व्यापारियों को काफी नुकसान उठाना पड़ गया। व्यापारियों को अपनी दुकान का सामान को बचाने के झिल्ली त्रिपाल से ढंकना पड़ा । वहीं तेज बारिश में ग्रामीणों को भी स्थानीय दुकानों में शरण लेनी पड़ गई। मेले के तीसरे दिन बुधवार को मेला भरने की उम्मीद थी।

### सूखती फसलों में आई जान

इन दिनों क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या से किसान परेसान है । किसानों की फसलें सूख रही है । किसानों के मक्के की फसलें सूखने से किसान चिंतित और परेशान थे। अपनी समस्या को लेकर बड़ी संख्या में किसानों द्वारा बिजली कार्यालय में पहुंचकर अधिकारियों को अपनी समस्याओं को अवगत करवाया था, जिस पर अधिकारी द्वारा जल्द समस्या के समाधान का करने आश्वासन दिया गया। लेकिन बिन मौसम बारीश से किसानों के चेहरे में थोड़ी खुशी देखने की मिली। वही सूखती फसलों में बारिश की बूंद पड़ने से उनमें फिर जान आने लगी। अगर ऐसी ही बारिश कुछ दिन हुई तो किसानों की समस्या लगभग खत्म हो जाएगी ।

# नशे में धुत युवक का 11 हजार केवी लाइन पर हाई वोल्टेज ड्रामा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

भानपुरी थाना क्षेत्र में बुधवार को नशे में धुत युवक 11 हजार केवी लाइन में चढ़ गया। हाई वोल्टेज ड्रामा को देखने भारी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए। जिसके बाद पुलिस को सूचना मिली। युवक को उतारने में पुलिस के पसीने छूट गए। काफी मशक्कत के बाद युवक को जेसीबी की मदद से उतारा गया। पुलिस की पूछताछ पर भी युवक कुछ नहीं बता रहा है कि वह क्यों खंभे पर चढ़ा था।

जानकारी के मुताबिक नशे में धुत युवक का हाई वोल्टेज ड्रामा सुबह शुरू हुआ, जब वह 11 हजार केवी लाइन के खंभे पर चढ़कर बैठ गया। युवक सुबह करीब 6 बजे 11,000 केवी लाइन के खंभे पर चढ़ गया। ग्रामीणों ने उसे उतारने की कोशिश की लेकिन वह नहीं उतरा तो लोगों ने 112 को कॉल किया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची 112 की टीम ने भी बहुत कोशिश की नीचे उतारने की लेकिन फिर भी युवक नहीं उतरा। इसके बाद खदान से 112 के जवान टिप्पर मंगवाए, जिसकी मदद से युवक को खंभे से नीचे उतारा गया।

### बिजली थी गुल इसलिए बच गई जान

बताया जा रहा है कि जिस वक्त यह युवक खंभे पर चढ़ा उस समय उस लाइन में बिजली नहीं दौड़ रही थी। मंगलवार शाम 5 बजे से ही भानपुरी इलाके में ट्रांसफार्मर प्रॉब्लम की वजह से बिजली गुल थी। उसी वक्त यह युवक बिजली खंभे पर चढ़ गया हालांकि युवक को नशे में होना बताया जा रहा है।जब युवक खंभे पर चढ़ा उस वक्त सीएसबीसी को सूचित किया गया ताकि बिजली चालू ना हो।

# छुट्टियों में घर आए हवलदार ने युवाओं को दिया सैन्य प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

भारतीय थल सेना के आर्मी एयर डिफेंस में पदस्थ हवलदार श्रीकांत तिवारी 45 दिन की छुट्टियों के दौरान अपने गृहनगर कोडागांव आये हुए थे। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव द्वारा संचालित निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण में शामिल होकर प्रतिदिन बच्चों को प्रशिक्षित किया। सेवारत सैनिक ड्यूटी के दौरान देश की सेवा कर रहें हैं। छुट्टियों के दौरान पूर्व सैनिकों के साथ निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण देकर समाज की भी सेवा कर रहें हैं। एक अप्रैल को उनकी छुट्टियां खत्म होने पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव द्वारा पुष्पगुच्छ देकर उन्हें विदा किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, सचिव उमेश साहू, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, सेवारत सैनिक उमेंद्र, श्रीमती केकती बर्मन और निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे 450 युवक एवं युवतियां मौजूद रहे।



# दो बाइक की टक्कर में मासूम सहित 4 लोग घायल, दो रिफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरसगांव



नेशनल हाइवे 30 मस्सुकोकोडा पेट्रोल पंप के सामने बुधवार की सुबह 8 बजे दो बाइक की आपस में जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे में एक मासूम बच्चे सहित 4 लोग घायल हो गए हैं। हादसे में पति-पत्नी को गंभीर चोटें आईं हैं, जिन्हें जिला अस्पताल रिफर किया गया है। जानकारी अनुसार ग्राम सिलाटी निवासी महेंद्र यादव पिता कंवल यादव उम्र 37 वर्ष , उसकी पत्नी मालती यादव उम्र 32 वर्ष और मासूम बेटा प्रशान्त यादव यह तीनों बाइक में सवार होकर कोंडागांव अस्पताल जा रहे थे । इसी दौरान नेशनल हाइवे 30 मस्सूकोकोडा पेट्रोल पंप के सामने एक अन्य बाइक के सवार युवक के साथ उनके वाहन की टक्कर हो गई। हादसे में महेंद्र यादव का एक पैर बुरी तरह टूट गया, मालती यादव के सर और चेहरे में चोटें आईं हैं। मासूम प्रशांत यादव के चेहरे में चोट आई। अन्य बाइक सवार को अंदरूनी चोटें आई। सूचना पर फरसगांव पुलिस ने सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए फरसगांव अस्पताल भिजवाया गया । महेंद्र और मालती का फरसगांव अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचारके लिए जिला अस्पताल रिफर किया गया है।

## पेज 9 के शेष

### राशन दुकान का सरकारी...

अधिकारी दिव्यारानी गौतम के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। जिसमें खाद्य निरीक्षक पायल वर्माव प्रेरणा पोटाई समेत क्वालिटी निरीक्षक मनोज सम्मलित हुए। टीम कलेक्टर द्वारा दिये दुकान पर छापमार कार्रवाई करते 21 बोरा याने 8 क्विंटल 75 किलो राशन चावल, 75 किलो चना और 37 किलो गुड़ जब्त किया। विभाग द्वारा जांच प्रतिवेदन बनाकर कलेक्टर को सौंपा जाएगा।

### एक नक्सली ने किया...

एरिया कमेटी के प्रतिबंधित नक्सली संगठन में ग्राम पिट्टेडब्बा मिलिशिया सदस्य जोगा मुचाकी पिता स्व हिड़मा मुचाकी उम्र 37 वर्ष निवासी पिट्टेडब्बा थाना कुकानार जिला सुकमा ने बुधवार को पुलिस उप महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप, पुलिस उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ विकास कठेरिया, पुलिस अधीक्षक गौरव राय समेत अन्य अधिकारियों के समक्ष डीआरजी कार्यालय दन्तेवाड़ा में आत्मसमर्पण किया।

### कांग्रेस का झूठा आचरण व...

बकाया बोनस 3716 करोड़ रुपए देने का काम छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने किया। आज 21 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से बंपर धान की खरीदी हुई। 24.75 लाख से ज्यादा किसानों को 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान की कीमत भी दी गयी। महतारी वंदन योजना में 70 लाख से ज्यादा माता बहनों को 10 मार्च को प्रधानमंत्री श्री मोदी की उपस्थिति में 655 करोड़ रुपए उनके खाते में ट्रांसफर किया गया। कांग्रेस के कुशासन में प्रदेश के बेटे-बेटियों के साथ पीएससी में धोखाधड़ी हुई। उसकी सीबीआई जाँच का वादा भी हमने पूरा किया है।

**तेंदूपत्ता मानक बोरा 5500, चरण पादुका योजना शुरूः** विधायक ने कहा तेंदूपत्ता, जिसको हरा सोना बोलते हैं, के संग्रहण कार्य से लाखों परिवार लाभान्वित होते हैं। हमारी सरकार ने प्रति मानक बोरा 5500 रुपए की दर से तेंदूपत्ता खरीदने का निर्णय लिया है। चरण पादुका योजना, आदिवासी बच्चों को स्कॉलरशिप की पुरानी व्यवस्था फिर से हमारी भाजपा सरकार आरंभ करने वाली है। जो भूमिहीन मजदूर हैं, किसान हैं, उनको 10 हजार रुपए साल में देने का काम हो रहा है। क्योंकि 'मोदी है तो मुमकिन है।'

**कांग्रेस केवल वोट बैंक के रूप में आदिवासियों का उपयोग कियाः** विनायक श्री गोयल ने कहा कि कांग्रेस ने सदैव वोट बैंक के रूप में आदिवासियों का उपयोग किया, लेकिन आदिवासियों के विकास के लिये कुछ भी नहीं किया। पांच साल कांग्रेस की सरकार ने छत्तीसगढ़ को लूटा। बस्तर और सरगुजा का विकास रोकने का काम किया। जहां तक बस्तर क्षेत्र के विकास की बात है, यह भारतीय जनता पार्टी की देन है। हमारे पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की देन है। पूरे बस्तर क्षेत्र का और छत्तीसगढ़ का विकास अगर किसी ने किया है तो भाजपा की सरकार ने किया है। पूरे बस्तर क्षेत्र ने विकास की गति पकड़ी थी, 15 वर्षों में डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में पूरे छत्तीसगढ़ का विकास हो रहा था।

**पिछले 5 वर्ष में एक भी पीएम आवास नहीं बना**
विधयाक ने कांग्रेस पर आरोप लगाते कहा पिछले 5 साल में ग्रामीण क्षेत्र में एक भी गरीब का प्रधानमंत्री आवास नहीं बना। इसलिए लोकसभा चुनाव में भी छत्तीसगढ़ की जनता ने कांग्रेस को उखाड़ फेंकने का मन बना लिया है। डबल इंजन की सरकार रहेगी तो तेजी से विकास होगा। नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए बस्तर लोकसभा क्षेत्र की जनता भी संकल्पित है।

### नेता प्रतिपक्ष ने प्रधानमंत्री के...

छोटे नेता भी प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ कुछ भी बयानबाजी कर अपनी कद बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी चौकीदार चोर है कहते हैं, सोनिया गांधी कहतीं हैं मौत के सौदागर और खड़गे कहते हैं प्रधानमंत्री जहरीले सांप हैं। कांग्रेस के लोग बयानबाजी कर जनता को भड़काकर दिग्गभ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। महापौर के भ्रष्टाचार के आरोप पर कहा कि इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। इस दौरान पूर्व विधायक संतोष बाफना, श्रीनिवास राव मद्दी, भरत मटियारा, जी वेंकट, संजय पाण्डेय, रूपसिंह मंडावी, राजेन्द्र बाजपेयी, आलोक अवस्थी, नरेन्द्र पाणिग्राही उपस्थित थे।

# साप्ताहिक बाजार के दिन मुख्य मार्ग में लगता है जाम

## जाम के चलते लोगों को आवा-जाही में होती है परेशानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार

ग्रामीण क्षेत्रों में वैसे तो कई समस्याएं है, लेकिन ट्रैफिक समस्या सबसे विकराल बन चुकी है। हैरानी की बात तो यह है कि ट्रैफिक समस्या हल करने के केवल दावे होते है, पर इस समस्या की ओर किसी का ध्यान नहीं जाता। हालात यह बने है कि क्षेत्र के कुछ बाजार ऐसे है, जहां से बिना जाम में फंसे आप गुजर ही नहीं सकते। ऐसा ही बाजार है नकुलनार का, जहां शनिवार को बाजार लगता है। यहां पर बाजार के दिन सबसे बुरे हालात रहते हैं। दर असल इसी बाजार में सारा दिन बड़े व कमर्शियल वाहन दाखिल होते है, क्योकि ये दंतेवाड़ा-सुकमा का मुख्य मार्ग है। बाजार के दिन सब्जी समेत अन्य सामान बेचने वाले रोड के दोनों ओर दुकान लगाकर बैठ जाते है। जिसके चलते वाहन को साइड देने में भारी दिक्कत होती हैं, इस कारण वाहनों की लंबी कतार लग जाती हैं और सड़क जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। इस समस्या को लेकर कई बार ग्रामीणों ने व्यवस्था सुधार के लिए पुलिस प्रशासन से गुहार भी लगाई। मगर स्थिति आज पर्यंत तक जस के तस बनी हुई है।

### पूर्व थाना प्रभारी ने ट्रेफिक व्यवस्था में किया था सुधार

कुआकोंडा थाना में लगभग 5 साल पहले पदस्थ थाना प्रभारी जितेंद साहू ने ट्रेफिक व्यवस्था में सुधार किया था। जिसकी प्रशंसा क्षेत्र के लोगों ने भी की थी। थाना प्रभारी साहू ने नियम के तहत बाजार लगाने को कहा था। नियम का उल्लंघन करने वालों के ऊपर उन्होंने चालानी कार्रवाई भी की थी। जिसके चलते व्यवस्था में काफी सुधार देखने को मिला था। लेकिन उनके जाने के बाद फिर से ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई है और अब बाजार के दिन अव्यवस्था देखने को मिल रही है।

## खबर संक्षेप

### पूनम का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन



**बस्तर।** बस्तर विकासखंड के ग्राम पंचायत मधोता 2 खैरगुड़ा के केशव ठाकुर की पुत्री पूनम ठाकुर का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। पूनम पढ़ाई के साथ नृत्यकला का भी शौक रखती हैं, वह बचपन से होनहार छात्रा रही है। पूनम गांव में आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में भाग लेकर प्रथम स्थान अपने नाम किया है। पूनम ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता व माता कुसुमलता ठाकुर, प्रधान पाठक छन्नू राम मंडावी, शिक्षिका इंदुमती को दिया है। पूनम के चयनित होने पर धाकड़ समाज, शिक्षक व ग्रामीणों ने इस उपलब्धि की सराहना करते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की है।

### मतदाता जागरूकता पर परिसर की साफ सफाई



**बीजापुर।** निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश पर जिले में मतदाता जागरूक अभियान अंतर्गत जिले में जिला स्तर से ग्राम पंचायत स्तर तक शासकीय भवनों, स्कूलों एवं सार्वजनिक स्थलों की साफ सफाई किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग पांडेय के मार्गदर्शन में इस अभियान के माध्यम से स्वच्छता का संदेश देने के साथ मतदाताओं को मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। जिला पंचायत परिसर में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत रमेश नंदनवार ने स्वच्छता अभियान में भागीदारी निभाते हुए सभी कर्मचारियों को परिसर में स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने की बात कहीं साथ ही लोकसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान करने अपने परिवार एवं परिचितों को जागरूक करने को कहा। इस अवसर पर उप संचालक पंचायत गीत कुमार सिन्हा, डिप्टी कलेक्टर दिलीप उइके सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने स्कूल समय में किया परिवर्तन

**जगदलपुर।** कलेक्टर विजय दयाराम के. द्वारा जिले में अप्रैल माह में गर्मी को देखते हुए बस्तर जिलांतर्गत समस्त प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी शालाओं की स्कूल संचालन का समय निर्धारित किया गया। एक पाली में संचालित सभी प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी शालाएं सोमवार से शनिवार तक सुबह 7 से 11 बजे तक संचालित की जाएगी। ऐसी शालाएं जहां कक्षा दो पालियों में संचालित होती है उनमें सभी प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक शालाएं सोमवार से शनिवार तक सुबह 7 बजे से 11 बजे तक संचालित होंगी तथा समस्त हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी की शालाएं सोमवार से शनिवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक संचालित होगी।

## स्ट्रांग रूम का अवलोकन करते मतगणना संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी ली

# सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में मतदान दलों का किया द्वितीय रेण्डमाईजेशन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 10 बस्तर (अजजा) हेतु नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ.जे. गणेशन एवं पुलिस ऑब्जर्वर रामकिशुम की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट के डंकनी सभाकक्ष में मतदान दलों का द्वितीय रेंडमाइजेशन मंगलवार को किया गया।

साथ ही सामान्य प्रेक्षक द्वारा रेंडमाइजेशन के पश्चात डाईट परिसर में स्थित स्ट्रांग रूम का अवलोकन करते हुए मतगणना संबंधित मुलभूत व्यवस्थाओं की जानकारी ली गयी। इसके पूर्व सामान्य प्रेक्षक द्वारा स्थैतिक निगरानी दल, एफएसटी, व्यय लेखा दल मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति, आबकारी विभाग, पुलिस प्रशासन सहित सभी निर्वाचन दायित्वों से जुड़े नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर उनके कार्यों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा निर्वाचन संबंधी मुलभूत जानकारी जैसे मतदान केन्द्रों की संख्या, विस्थापित हुए मतदान केन्द्र, संवेदनशील मतदान केंद्र, मतदाताओं की संख्या, सामान्य बूथ, युवा मतदान केंद्र, पिंक बूथ, पीडब्ल्यू बूथ, बाहर से आने वाले सुरक्षा बलों के ठहरने के व्यवस्थाओं सहित अन्य जानकारी से सामान्य प्रेक्षक को अवगत कराया गया। इसके साथ ही सामान्य प्रेक्षक ने पुलिस बलों की उपलब्धता और सुरक्षा बलों द्वारा की जा रही कार्यवाहियों की भी जानकारी ली।

बैठक में इसके साथ ही पीपीटी के माध्यम से जिले में उपलब्ध बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट की संख्यात्मक जानकारी भी दी गयी। इस दौरान पुलिस ऑब्जर्वर रामकिशुम, सीईओ जिला पंचायत कुमार बिश्व रंजन, एसडीएम जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरके बर्मन, संयुक्त कलेक्टर हिमांचल साहू सहित निर्वाचन दायित्व से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### चुनाव में माइक्रो ऑब्जर्वर की महत्वपूर्ण भूमिका, हर गतिविधि पर रखें पैनी नजर : मास्टर ट्रेनर



आगामी होने जा रहे लोकसभा मतदान के दिन मतदान प्रक्रिया को सम्पन्न कराए जाने के लिए माइक्रो ऑब्जर्वर को निर्वाचन संबंधित विशेष प्रशिक्षण प्रथम एवं द्वितीय पाली में जिला कलेक्ट्रेट के डंकिनी सभाकक्ष में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान मतदान केन्द्र में मतदान से पूर्व, मतदान के दिन तथा मतदान समाप्ति के बाद होने वाली सम्पूर्ण प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर ने अवगत कराया कि निर्वाचन में सकुशल मतदान संपन्न कराने में मतदान अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और माइक्रो आब्जर्वर को निर्वाचन से जुड़ी हर प्रक्रिया और प्रपत्र के बारे में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश अनुरूप कार्य किया जाना है और सभी माइक्रो आब्जर्वर का दायित्व है कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा से करें। जिससे निष्पक्ष, पारदर्शी और सुव्यवस्थित निर्वाचन प्रक्रिया संपादित की जा सके। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान माइक्रो ऑब्जर्वर की भूमिका आंख, कान, नाक जैसी हैं, इसलिए सतर्कता के साथ निर्वाचन संबंधी प्रत्येक गतिविधियों पर पैनी नजर रखें। प्रशिक्षण के दौरान दिये गये। जानकारी का अच्छे से अध्ययन करें। इसी तरह प्रशिक्षण में मॉक पोल के पश्चात सीआरसी अर्थात क्लोज, रिजल्ट क्लियर की प्रक्रिया तथा मतदान प्रक्रिया सम्पादन और मतदान समाप्ति के बाद ईवीएम को क्लोज करना एवं सीलिंग प्रक्रिया के बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गये।

## सामान्य एवं पुलिस प्रेक्षक ने ली समस्त नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत बस्तर लोकसभा क्षेत्र हेतु नियुक्त सामान्य प्रेक्षक 2006 बैच के वरिष्ठ आईएएस डॉ.जे. गणेशन एवं पुलिस प्रेक्षक रामकिशन आईपीएस ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत समस्त नोडल अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।

इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग पाण्डेय ने लोकसभा निर्वाचन की समस्त तैयारियों की विस्तृत जानकारी से प्रेक्षकों को अवगत कराया। विगत विधानसभा निर्वाचन के दौरान की गई तैयारियों एवं वर्तमान लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों के तुलनात्मक रूप से बेहतर योजना बनाकर सफलतापूर्वक निर्वाचन प्रक्रिया को संपादित करने का आश्वासन दिया। सामान्य प्रेक्षक ने मतदान का प्रतिशत बढ़ाने, शिफ्टिंग मतदान केन्द्रों के विगत निर्वाचन में औसत प्रतिशत, हैलिकॉप्टर से जाने वाले मतदान दल, सड़क मार्ग से जाने वाले मतदान दलों की सुरक्षा संबंधी रणनीति, अन्तर्राज्यीय एवं अंतर जिला बार्डर पर स्थैतिक निगरानी दल के द्वारा की गई कार्रवाई एवं जस्ती, डाकमत पत्र के तहत होम वोटिंग, 85 वर्ष से ऊपर एवं विकलांग वोटरों के लिए मतदान दल का गठन, सर्विस वोटर, ईडीसी वोटर, वेबकास्टिंग, सी-विजिल एप सहित जनवरी माह से अबतक प्रतिमाह शराब दुकानों में विक्रय की गई, शराब सहित स्ट्रांग रूम, वेयर हाऊस सहित निर्वाचन के सम्पूर्ण प्रक्रिया पर समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार, एडीशनल एसपी चंद्रकांत गवर्ना, सहायक रिटर्निंग अधिकारी जागेश्वर कौशल उप जिला निर्वाचन अधिकारी नारायण प्रसाद गवेल सहित समस्त नोडल एवं प्रभारी अधिकारी उपस्थित थे।

## प्राथमिक व माध्यमिक स्कूलों की शुरू हुई परीक्षाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित बस्तर जिले के जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर बस्तर ब्लॉक में कक्षा पहली से आठवीं तक सतत मूल्यांकन व वार्षिक परीक्षाएं 1 अप्रैल से प्रारंभ हो गई है।

सहायक खंड शिक्षा अधिकारी सुशील तिवारी ने जानकारी में बताया कि बस्तर ब्लॉक के 347 प्राथमिक व 143 माध्यमिक शालाओं व 61 संकुल में परीक्षाएं संचालित की जा रही है। 1 अप्रैल से सुबह की पाली में परीक्षाएं चल रही है जो 13 अप्रैल तक चलेगी। इसके पश्चात मूल्यांकन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दुरस्थ अंचलों की शालाओं में सहायक खंड शिक्षा अधिकारी व उनकी टीम के द्वारा निरीक्षण किया गया। जिसमें व्यवस्था दुरूस्त पाई गई। बच्चे परीक्षा को लेकर उत्साहित नजर आए।

### भानपुरी एवं आमागुड़ा में निकाली मतदाता जागरूकता रैली

## मताधिकार का उपयोग करने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




लोकसभा निर्वाचन के तहत मतदान में शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भानपुरी के प्रशिक्षणरत छात्र-छात्राओं द्वारा तहसील मुख्यालय भानपुरी में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।

स्लोगन-नारे के माध्यम से मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। वहीं जगदलपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत आमागुड़ा में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े महिला स्व-सहायता समूहों की दीदियों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन में मतदान करने के लिए प्रेरक सन्देश दिया। इस मौके पर उपस्थित सभी प्रशिक्षण अधिकारियों-कर्मचारियों सहित युवा छात्र-छात्राओं तथा महिला समूहों की दीदियों द्वारा देश की लोकतांत्रिक प्रणाली में पूर्ण आस्था रखते हुए भारत की प्रजातांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए धर्म, जाति, वर्ग, क्षेत्र एवं भाषा से भेदभाव किये बगैर तथा किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना प्रत्येक निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने की शपथ ली गई। इस दौरान आईटीआई भानपुरी के प्रशिक्षण अधिकारियों-कर्मचारियों सहित प्रशिक्षणरत छात्र-छात्राएं और ग्राम पंचायत आमागुड़ा में महिला समूहों की दीदियां एवं पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाएं मौजूद थे।

## कलेक्टर ने किया लाला जगदलपुरी पुस्तकालय का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर विजय दयाराम के. बुधवार को लाला जगदलपुरी पुस्तकालय का औचक निरीक्षण कर पुस्तकालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिये। उन्होंने पुस्तकालय में प्रवेश व निकासी के लिए आरएफआईडी (रेडियो फ्रीक्वेंसी आईडेंटिफिकेशन) सिस्टम का क्रियान्वयन, रीडिंग कक्ष, ई-लर्निंग कक्ष की व्यवस्थाओं तथा परिसर की साफ-सफाई की व्यवस्था का जायजा लेकर प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अध्यनरत छात्र-छात्राओं की अन्य सुविधाओं के संबंध में चर्चा की। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान, पुस्तकालय नोडल शरदचंद गौर भी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षा उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन कार्य का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर विजय दयाराम के. ने बुधवार को शहर के जगतू माहरा शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में बोर्ड परीक्षा के उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन कार्य का जायजा लिया। उन्होंने उत्तर पुस्तिका की जांच कर रहे शिक्षकों से मूल्यांकन में कम और अधिक नंबर पाने वाले विद्यार्थियों की औसत संख्या का संज्ञान लिया। इस दौरान उन्होंने

■ आवश्यकता अनुसार मूल्यांकन हेतु शिक्षकों की ड्यूटी लगाने के दिए निर्देश

आवश्यकता अनुसार मूल्यांकन हेतु शिक्षकों की ड्यूटी लगाने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। केंद्र में बुधवार को भूगोल, इतिहास, विज्ञान, गणित, कॉमर्स, हिंदी और अंग्रेजी के पेपर की जांच की जा रही थी।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा बस्तर जिले को हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा वर्ष 2024 के लिए 66957 उत्तर पुस्तिका मिली है, जिसमें 181 शिक्षकों द्वारा जांच की जा रही है। इसी प्रकार हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा वर्ष 2024 के लिए 35110 उत्तर पुस्तिका मिली है, जिसमें 125 शिक्षकों द्वारा जांच की जा रही है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान तथा स्कूल प्रबंधन के अधिकारी उपस्थित थे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान हमारा पहला दायित्व के लगे नारे




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत लोकसभा निर्वाचन 2024 के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने व मतदान के दिन बूथों पर जाकर मतदान करने के लिए प्रेरित करने की दिशा में जिला अंतर्गत विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में दन्तेवाड़ा, कुआकोंडा, बालूद, मटेनार, मेटापाल, एटेपाल, बड़ेगुडरा के ग्रामीणों को मतदान संबंधी जानकारी देते हुए बताया गया कि मतदान हर मतदाता का अधिकार है और मतदान करना पहला दायित्व है। देश के प्रत्येक नागरिक को देश विकास की सोच के साथ हमेशा निष्पक्ष होकर मतदान करना चाहिए और अन्य लोगों को भी निष्पक्ष होकर मतदान की सलाह देनी चाहिए। मतदान एकमात्र ऐसा साधन है, जिससे देश की जनता स्वयं अपने देश का विकास निर्धारित कर सकती है। मत देने की शक्ति से वह अपने देश की बागडोर संभालने के लिए उनकी नजर में योग्य व्यक्ति को खुद चुन सकते हैं। इसके साथ ही मतदान जागरूकता दल ने ग्रामीणों से अपने-अपने परिवार के सदस्यों, आस-पड़ोस के लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने एवं मतदान के दिन मतदान केन्द्रों में जाकर अपना बहुमूल्य समय देने की अपील की।

न्यायालय नजूल अधिकारी, जगदलपुर
जिला बस्तर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र.- 09/अ-6अ/2023-24

// उद्घोषणा //

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती अनिता सिंघल पति दिनेश कुमार सिंघल निवासी मैत्री संघ गली पं. श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा नगर जगदलपुर के मोहल्ला फ्रेजरपुर शीट न. 51 स्थित शीट न. प्लॉट नं.-7/33 क्षेत्रफल 725 वर्गफीट, भू-भाटक 26.06 रूपये की भूमि खातेदार श्रीमती अनिता सिंघल पति दिनेश कुमार सिंघल के नाम पर दर्ज है। आवेदिका द्वारा उक्त भूमि वर्ष 2005-2006 के मेन्टनेस खसरा में क्षेत्रफल 937 1/2 वर्गफुट अंकित होने तथा वर्तमान खसरा में त्रुटीपूर्ण 725 वर्गफुट अंकित होने का उल्लेख करते हुए क्षेत्रफल में सशोधित कर वर्तमान अभिलेख में अंकित किये जाने भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अन्तर्गत आवेदन पत्र इस न्यायालय में स्वयं के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।

उक्त नामांतरण में यदि किसी को भी कोई आपत्ति/दावा हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनाँक 16/04/2024 तक इस न्यायालय में आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथी उपरांत प्राप्त आक्षेप पर कोई सुनवाई नहीं होगी। आज दिनाँक 02/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।

मुहर

नजूल अधिकारी,
जगदलपुर

न्यायालय तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2
बिलासपुर छ.ग.
(पीठासीन श्रीमति प्रेरणा आहिरे)

श्रीमति सुनीता बेहरा एवं एक अन्य ------ वादीगण
विरूद्ध
पी. उमा महेश्वर व अन्य ---- प्रतिवादीगण

व्य.वा.क्रं. 41-अ/24
ता.पेशी 19/4/2024
प्रो. क्रं. 149

**बनाम-** पी उमा महेश्वर पिता श्री पी.एन.रा. पति श्री रवि पटनायक निवासी चांदनी चौक के पास सेन्ट जेवियर हाईस्कूल के पिछे जगदलपुर तहसील एवं जिला जगदलपुर छ.ग.

वादीगण श्रीमति सुनीता बेहेरा वगैरह ने मौजा देवरीखुर्द प.ह.नं. 43/24 रा.नि.मं. सिरगिट्टी तहसील एवं जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित खसरा नंबर 37/61 रकबा 1798 एवं खसरा नंबर 37/66 रकबा 1723 वर्गफुट के घोषणा एवं स्थाई निषेधाज्ञा के लिए व्यवयहार वाद प्रस्तुत किया है जो इस न्यायालय में दिनांक 19/4/2024 को दिन के 11 बजे उत्तर देने के लिए नियत किया गया है। आप सभी न्यायालय में स्वयं या अपने किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हो और जो इस प्रकरण के सबंधित सभी सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नो को उत्तर दे सके। यदि किसी कारण से नियत तारीख को इस न्यायलय में अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन अवकाश पर है तो अगले कार्य दिवस को अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आप सभी को सूचित किया जाता है कि यदि आप सभी उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

अतः आज दिनांक 20/03/ 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

सील

(प्रेरणा आहिरे)
न्यायालय तृतीय व्यवहार
न्यायाधीश वर्ग-2
बिलासपुर छ.ग.

## खबर संक्षेप

### शीतला मंदिर में माता दुर्गा के वाहन सिंह की स्थापना



**जगदलपुर।** शहर के धरमपुरा शीतला माता मंदिर के द्वार पर माता दुर्गा के वाहन सिंह की स्थापना की गई। रहवासियों का कहना है कि शीतला माता मंदिर लगभग 100 वर्ष पुराना है। मान्यता है कि इस मंदिर पर जो भी मन्नते मांगी जाती है वह जरूर पूरी होती है। दूर-दूर से श्रद्धालु माता शीतला के दर्शन के लिए यहां पहुंचते हैं। वर्ष में एक बार यहां मेला मड़ई लगता है जिसमें बड़ी संख्या में लोग अपनी मन्नते पूरी होने पर माता को भेट चढ़ाते हैं। बुधवार को धार्मिक आयोजन मे बद्रीनाथ, लोकेश, अंजलि, डब्बू, बंटी, बाबा, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां एकत्र हुए।

### आत्मानंद के 5 छात्राओं का नवोदय में चयन



**भानपुरी।** आत्मानंद में अध्ययनरत 5 छात्राओं का चयन नवोदय विद्यालय में हुआ है। छात्राओं में आराध्या बघेल, दिप्ती कश्यप, राधिका प्रधान, पल्लवी देवांगन व मानवी साहू का चयन नवोदय के 6वीं कक्षा में हुआ है। इसके पूर्व भी आत्मानंद स्कूल भानपुरी से 3 छात्राओं का चयन नवोदय में हो चुका है। प्राचार्य एचएल सिन्हा सहित रवि नामदेव, अंजू चंदेल, निक्की यादव, मिनाक्षी शर्मा, रूखसार आफरिन, शैल मिश्रा, पूजा सूर्यवंशी, मुनमुन भद्रा, पवन मौर्य एवं समस्त स्टाफ ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## बस्तर लोकसभा में वनमंत्री केदार का चुनावी दौरा, कार्यकर्ताओं से संवाद जारी

# फिर केंद्र में बनेगी भाजपा सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा का चुनावी जनसंपर्क जारी है। कार्यकर्ता सम्मेलन, जनसभा के बाद अब कैबिनेट व भाजपा पदाधिकारी लगातार क्षेत्र में दौरा कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज छत्तीसगढ़ के कद्दावर नेता व प्रदेश सरकार में वनमंत्री केदार कश्यप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन 2047 और मोदी है देश के लिए जरूरी, इन विषयों पर क्षेत्र में प्रवास कर देवतुल्य कार्यकर्ताओं से चर्चा किए।

वनमंत्री केदार कश्यप ने कार्यकर्ताओं से कहा कि भारत की जनता यह समझ चुकी है कि देश का विकास केवल भाजपा शासन में ही संभव है। भारत तेज गति से आगे बढ़ रहा है। बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था, शिक्षा, उद्योग-व्यापार, पारंपरिक चिकित्सा, आधुनिक चिकित्सा, स्पेश रिसर्च सभी क्षेत्रों में भारत ने विकास किया है। उन्होंने कहा कि असंभव कार्य जिसकी कल्पना किसी ने नही किया था। ऐसे जड़ समस्याओं का भी प्रधानमंत्री मोदी ने सरलता से समाधान किया। देश में कश्मीर की समस्या हो या तीन तलाक, राम जन्मभूमि के मामले को भी सामंजस्य स्थापित कर प्रधानमंत्री मोदी ने हल किया और करोड़ों भारतीयों के हृदय में अपनी अलग छवि बनाई। प्रधानमंत्री मोदी को लोग युगपुरुष मानते हैं। मेरा भी यही मानना है कि ऐसे असामान्य कार्य को करने वाला व्यक्ति कोई युगपुरुष ही होगा। मंत्री केदार ने कहा कि मोदी के प्रति भारत की जनता में अटूट प्रेम है। अबकी बार 400 पार का नारा प्रधानमंत्री ने दिया था। जो कि अब एक जन आंदोलन का रूप ले चुकी है। भारत के जनसामान्य की भी यही इच्छा है कि मोदी सरकार 2024 में 400 के पार पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में आये।

### मोदी सरकार 3.0 को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह

मंत्री केदार ने कहा कि क्षेत्र के देवतुल्य कार्यकर्ता मोदी सरकार के तीसरे बार वापसी को लेकर उत्साहित है। स्वस्फूर्त जनता भी मोदी के जन कल्याणकारी कार्यों के प्रचार-प्रसार में लगी है। कार्यकर्ताओं के उत्साह को देखते हुए मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि इस कड़ी धूप में भी हमारे कार्यकर्ता घरों से निकल कर क्षेत्र में जुटे हुए है। इन्हीं देवतुल्य कार्यकर्ताओं के सहयोग और समर्पण से केंद्र में मोदी सरकार पुनः स्थापित होगा।

### मोदी की गारंटी पर दबाया जाएगा बटन

मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय की सरकार ने मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने किसानों को बोनस, तेंदूपत्ता का वाजिब मूल्य, किसानों को कृषक उन्नति योजना के माध्यम से अंतर की राशि प्रदान करने का कार्य किया है। साय सरकार में छत्तीसगढ़ की जनता से किये गए सभी कार्य पूरे हो रहे है। मोदी की गारंटी सपना पूरा होने की गारंटी है।

### राहुल गांधी वास्तव में नेता नही मंद बुद्धि प्राणी

राहुल गांधी के देश जलाने वाले बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए वनमंत्री केदार ने कहा कि राहुल गांधी को, वे नेता नही मानते हैं। वास्तव में वे एक मंदबुद्धि हैं। जिनको पता नही होता कि उनके बोलने से समाज में इसका क्या असर पड़ेगा। कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार का एक ही काम है दंगा भड़काना, सिखों के नरसंहार, राम भक्तों की हत्या, गौ-रक्षा के लिए आंदोलनरत साधु संतों की हत्या करने वाली पार्टी और उनके नेता केवल देश जलाना ही जानते हैं। जिनके हृदय में भारत के प्रति भक्ति नही, ऐसे मंदबुद्धि व्यक्ति को जनसामान्य ने पहले ही पप्पु घोषित कर दिया है।

## नक्सली बंद को असफल बनाने पुलिस व प्रशासन उतरी सड़क पर

### जवानों ने खुलवाई दुकानें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

नक्सली बंद के दौरान बुधवार को बंद को असफल बनाने एसडीएम और पुलिस जवानों ने दुकान-दुकान जाकर दुकाने खुलवाई।

कुछ दिन पहले नक्सलियों ने 30 मार्च व 3 अप्रैल को नक्सल बंद का आव्हान किया था। जिसे लेकर पुलिस सतर्क हो गई थी। 30 मार्च को व्यापारी प्रतिष्ठानें पूरी तरह बंद रही व बसों के पहिए भी थमे हुए थे। बुधवार को नक्सली बंद के दौरान पुलिस व प्रशासन ने बंद के एक दिन पूर्व जिले के थानों में व्यापारियों की बैठक कर दुकाने खोलने को कहा। लेकिन दूसरे दिन दुकाने नही खुली, जिसे देखकर एसडीएम एवं थाना प्रभारी अपने दल बल के साथ हर किसी के दुकान जाकर दुकाने खुलवाई। इस बीच बसों के पहिए थमे रहे। जगदलपुर व रायपुर से आने वाली बसे नही आई। मंगलवार को जो बसे आकर रात में ठहरती और दूसरे दिन जाती है वे बसे गई। कुछ माल वाहक गाड़ियां की आवाजाही देखी गई, जो सामान्य दिनों की अपेक्षा कम रही। इस बीच पुलिस विभाग सभी जगह अलर्ट मोड में दिखी।

## आदिवासी नेता को अनपढ़ बताकर भाजपा मांग रही आदिवासियों से वोट : ताटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



भाजपा नेताओं ने गत दिवस बीजापुर में प्रेस को दिये बयान में कहा कि बस्तर लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस उम्मीदवार कवासी लखमा अनपढ़ और कॉमेडी नेता हैं और उन्होंने आदिवासियों के सम्मान को कम किया है। यह बयान न केवल अपने जमीन से जुड़े और पारंपरिक संस्कृति के रंग में रंगे, समुदाय के सुख-दुख में साथ रहने वाले एक खांटी आदिवासी नेता का अपमान है, बल्कि अपने सच्चे प्रतिनिधि के रूप में लखमा दादी को 6 बार विधानसभा भेजने वाले कोंटा क्षेत्र के आदिवासी मतदाताओं का भी सीधा अपमान है। यह बात बीजापुर जिला पंचायत के सदस्य बसंत राव ताटी ने आज जारी अपनी प्रेस विज्ञप्ति में कही। ताटी ने कहा कि इस बयान से यह भी सिद्ध होता है कि भाजपा दलितों और आदिवासियों की हितचिंतक नहीं, बल्कि तथाकथित अभिजात्य वर्ग की पार्टी है। भाजपा नेताओं का यह बयान उनकी पार्टी के असली चरित्र और दूषित मानसिकता को उजागर करता है। बसंत ताटी ने इतिहास को रेखांकित करते हुए कहा कि भाजपा नेता शायद यह भूल गये हैं कि बस्तर लोकसभा क्षेत्र से सबसे पहले लोकसभा पहुंचने वाले आदिवासी सांसद मुचाकी कोसा और विधानसभा में आदिवासी समाज का प्रतिनिधित्व करने वाले रामा कोंदा भी अनपढ़ ही थे। उनके प्रतिनिधित्व से आदिवासी समाज का सम्मान कम नहीं हुआ था, बल्कि उन्होंने अपने समुदाय को गौरवान्वित किया था।

## मातृ शक्तियां होली मिलन में एक दूसरे को बांटी खुशियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- सामूहिक गीत एवं रस्सा खींच के साथ विविध आयोजन



श्रीमद् जगतगुरु शंकराचार्य पुरी पीठाधीश्वर से सम्बद्ध पीठ परिषद प्रांत से जुड़ी मातृ संगठन आनंद वाहिनी के नेतृत्व में नगर में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन होली के पश्चात सामूहिक रूप से सभी मातृ शक्तियों एकत्र होकर एक साथ होली पर्व की खुशियां एक दूसरे को बांटी।

आयोजन न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी छत्रपति शिवाजी वार्ड के पार्क में किया गया। आनदवाहिनी की जिला अध्यक्ष गीता शुक्ला ने बताया कि संगठन सभी सनातनी पर्वों को सनातन विधि अनुसार परंपरागत तरीके से मनाने का प्रयास है। सभी मातृ शक्तियों अपने बच्चों को साथ लेकर सम्मिलित हुए इसका प्रभाव बच्चों पर भी आने वाले समय में पर्वों का महत्व और परंपराओं का महत्व समझे,साथ ही अपने धर्म की महत्व को समझे। इस उद्देश्य से सभी पर्व पर इस तरह का आयोजन करने का प्रयास संगठन करता है। पूज्यपाद गुरुदेव के आशीर्वाद से संगठन लगातार सनातनी परंपराओं का पालन और सनातनीयो में आपसी एकता को बढ़ावा देने ऐसे आयोजन कर पर्व के माध्यम से संगठित करने का प्रयास है। आज के आयोजन में पूरे शहर भर से मातृशक्ति सम्मिलित हुई है। आनंद वाहिनी की मातृ शक्तियां लगातार धार्मिक आयोजन कर शंकराचार्य के प्रकल्प को आगे बढाने में जुटी है। यही कारण है,कि हर माह पूर्णिमा तिथि को शहर के किसी एक मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ एव भजन-कीर्तन का धार्मिक आयोजन किया जा रहा है।

### गुरूदेव की आरती पश्चात होली गीत

गुरुदेव शंकराचार्य की आरती की गई और भारत माता की आरती उसके पश्चात अनेक मात्र शक्तियों के द्वारा होली के गीत गए गए वह अनेक खेल भी खिलाएं गए रस्सी खींच खेल खिलाया गया जिसमें मातृशक्तियों ने इस प्रतियोगिता का बहुत ही आनंद उठाया और एक दूसरे को गुलाल लगाकर मिठाई खिला कर एक दूसरे को बधाई दी गई और आगामी पर्वों पर भी इसी तरह का सामूहिक आयोजन करने पर सभी की सहमति व्यक्त की। इस दौरान सचिन अलका सेंगर, उपाध्यक्ष बसंती सामंत एवं शतरूपा मिश्रा, शिखा घोष, रेखा जायसवाल, बबली शुक्ला,रिंकी गुप्ता, वैष्णवी गुप्ता, मुस्कान, पूजा ठाकुर, रेनू सिंह,सुनीता कुशवाहा बड़ी संख्या में मातृ शक्ति एव बच्चे सम्मलित थे।

## मोंगरापाल में 1 दर्जन लोगों ने किया भाजपा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- चुनाव को लेकर मतदाताओं से सम्पर्क के लिए पहुंच रहे गांव-गांव



बस्तर लोकसभा प्रत्याशी महेश कश्यप बुधवार को बस्तर जिले के बस्तर विधानसभा क्षेत्र के मोंगरापाल, करपावंड, मूली, मंगनार, बनियागांव, नारावण्ड सहित अन्य क्षेत्रों में मतदाताओं से सम्पर्क साधने पहुंचे। जहां वरिष्ठ भाजपा नेता एवं केबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने उनके पक्ष में प्रचार किया। इस दौरान मोंगरापाल में भाजपा की रीति नीति व देश के प्रधानमंत्री से प्रभावित होकर एक दर्जन लोगों ने भाजपा प्रवेश किया। सभी को तिलक व माला पहनाकर भाजपा नेताओं ने विधिवत पार्टी की सदस्यता दी। बस्तर के मोंगरापाल में नेताम ने कहा कि गरीबों के आवास के लिए मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है, लगातार मोदी के द्वारा गरीबों के हित मे कार्य किया जा रहा है, किसानो के लिए धान खरीदी समर्थन मूल्य मोदी की गारंटी के तहत मिला है। महतारी वन्दन योजना के तहत महिलाओं को 1000 रु उनके खाते में दिया जा रहा है।

नेताम ने कहा आदिवासी भाइयों को तेंदूपत्ता का 5500 प्रति मानिक बोरा भाजपा सरकार दे रही है है। चरण पादुका फिर से भाजपा सरकार देगी, बस्तर के विकास के लिए सड़कों का जाल बिछाने का काम देश के प्रधानमंत्री द्वारा किया गया है। बस्तर को उड़ान सेवा केंद्र की मोदी सरकार दी है। हमारे प्रत्याशी को जिताना है और मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है। श्री नेताम ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता कांग्रेस छोड़कर भाजपा में इसलिए आ रहे है क्योंकि कांग्रेस में उनका कोई भविष्य नही है। इस दौरान वेंकट,कमलचंद्र भंजदेव ,राजाराम तोडेम, वनवासी मौर्य,वेदप्रकाश पांडेय,आनंद मोहन मिश्रा, मनीराम कश्यप, प्रवीर बेसरा,लखमू राम ,राजेंद्र बाजपेयी, अनिल लुंकड़,धनुर्जय कश्यप,बबलू दुबे, सहित अन्य भाजपा सदस्य व ग्रामीण मौजूद थे।

### डबल इंजन की सरकार में होगा तेजी से विकास

जिलाध्यक्ष रूपसिंह मण्डावी ने कहा कि इस बार हमें महेश कश्यप को जीताकर लोकसभा भेजना है। उन्होंने कहा डबल इंजन की सरकार से बस्तर विकास में और तेजी आएगी। उन्होंने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास से आवासहीन लोगों को प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला योजना के तहत गैस वितरण का कार्य किया जा रहा है। दिल्ली में बैठकर बस्तर की चिंता करने वाले विश्व के ऐसे सर्वमान्य नेता के रूप में नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है।

### मुझ जैसे सामान्य को टिकट दिया

भाजपा प्रत्याशी ने कहा मैं भी आपके गांव का बेटा हूं,गरीब परिवार से होने के बाद भी मुझे देश के सर्वोच्च सदन सांसद बनने प्रधानमंत्री ने बस्तर लोकसभा का टिकट दिया। ताकि बस्तर विकास में कोई कमी खामी न रहे। उन्होंने कहा कि मैं सामान्य छोटे से परिवार का बेटा आप सभी के बीच प्रत्याशी के रूप में आया हूं, यह सब देश के प्रधानमंत्री और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के कारण ही सम्भव हो पाया है। 100 दिन के भीतर कई वादे को पूरा करने वाली ऐसी भाजपा पार्टी जो लगातार विकास को ओर कार्य कर रही है। आप सभी 19 तारीख को बस्तर का बेटा, साथी को चुनने में सहायता करें।

## दिव्यांग, वरिष्ठजन एवं तृतीय लिंग मतदाताओं का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

- स्वीप कार्यक्रम के तहत हुआ मतदाता जागरूकता अभियान



भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश पर जिले में व्यापक रूप से स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान जारी है। इसी क्रम में आज जिला पंचायत में दिव्यांग, वरिष्ठजन एवं तृतीय लिंग के मतदाताओं को शॉल श्रीफल एवं तिलक लगाकर सम्मान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा स्वीप के नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार द्वारा किया कार्यक्रम में 100 से अधिक मतदातागण शामिल हुऐ थे जिसमें जिले के 6 तृतीय लिंग के मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक जागरूकता अभियान में भाग लेते हुऐ मताधिकार का प्रयोग करने का संकल्प लिया। सभी मतदाताओं ने एक स्वर स्लोगन बोलते हुए कहा कि दिव्यांगों ने ठाना है वोट देने जाना है साथी कोई छूट न जाए मत देने में आगे आए कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी मतदान केन्द्रों में दिव्यांगों एवं वरिष्ठजनों के सहयोग हेतु आवश्यक सुविधाएं जैसे रैम्प, व्हील चेयर, इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। वहीं वालिंटियर्स द्वारा 80 वर्ष से ऊपर वृद्धजन एवं दिव्यांग मतदाताओं को आवश्यक सहयोग प्रदाय किया जाए। टोल फ्री नम्बर 1950 डायल करके निःशुल्क परिवहन की व्यवस्था हेतु मांग की जा सकती है। मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने और शतप्रतिशत मतदान हेतु आयोग के दिशा-निर्देशों की अनुरूप हर संभव प्रयास किया जा रहा है। ताकि किसी वोटर को असुविधा न हो। सभी सुगमतापूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके वही 85 वर्ष से अधिक आयु एवं दिव्याग जनों को डाकमत पत्र 12 डी के तहत उनके घर पहुंच मतदान की व्यवस्था की गई है। जिसके लिए 6 मतदान दलों का गठन किया गया है। इस दौरान उप संचालक समाज कल्याण विभाग कमलेश्वर पटेल ने दिव्यांगजन, वृद्धजन एवं तृतीय लिंग के मतदाताओं को दी जाने वाली सुविधा के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

## विधायक गोयल ने ग्रामीण क्षेत्रों का किया दौरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

लोकसभा चुनाव में भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी महेश कश्यप को जीत दिलाने व मोदी सरकार बनाने को लेकर क्षेत्रीय विधायक विनायक गोयल ने ग्रामीण क्षेत्रों का आज दौरा किया।

विधायक गोयल ने दरभा भाजपा मंडल के छिंदावाड़ा, मुनगा, गुमड़पाल, मामड़पाल आदि क्षेत्रों में दौरा कर ग्रामीणों की बैठक ली और मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई। जहां सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। इस अवसर पर कुछ ग्रामीणों ने भाजपा प्रवेश किया। इस दौरान पूर्व विधायक बैदूराम कश्यप, योगेंद्र पांडे, फूलसिंग सेठिया, अनंत राम नाग, संतोष बघेल समेत अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

आवश्यकता है।
हरिभूमि

| पद | पदनाम |
| --- | --- |
| 04 | डेवलपमेंट सहायक |
| वेतन | 11000/- |

योग्यता - स्नातक, स्वयं का वाहन होना आवश्यक है।
उम्र - 18 से 30 वर्ष
सम्पूर्ण बायोडाटा एवं आधार कार्ड के साथ
युवक/युवती दिनांक 04/04/2024 शाम 5 बजे तक संपर्क करें
अपना बायोडाटा Whatsup करें 8370049468
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर
Gmail:- cir.haribhoomi@gmail.com

स्वामी जी
93406-38884
By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश,
श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री,
श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
यात्रा दिनांक
9 मई 2024
11 जून 2024
21 जून 2024
01 सितंबर 2024
25 सितंबर 2024
03 अक्टूबर 2024
15 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-21,500/-, 3AC-29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री,
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
13 मई से 26 मई 2024, 15 मई से 28 मई 2024
17 मई से 30 मई 2024, 24 मई से 06 जून 2024
29 मई से 11 जून 2024, 01 जून से 14 जून 2024
राशिः-स्लीपर 18500/- 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-35, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411